## खबर संक्षेप

### केन्द्रीकृत वेतन प्रोसेसिंग संबंधी प्रशिक्षण 19 दिसंबर को

**मण्डला।** जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि समस्त प्रकार के कर्मचारियों को प्रत्येक माह की एक तारीख को वेतन प्रदान करने के लिए आई.एफ.एम.आई.एस. के माध्यम से केन्द्रीकृत वेतन प्रोसेसिंग की सुविधा विकसित की गई है। इससे प्रत्येक डी.डी.ओ. को पृथक से पेरोल जनरेशन का कार्य नही करना होगा तथा आवश्यक संशोधन पेरोल में करते हुए देयक लगाए जा सकेंगे। इस प्रकार वेतन आहरण में समयबद्धता तथा त्वरित गति सुनिश्चित की जा सकेगी। दिसंबर 2025 के वेतन इस प्रकिया से ही किया जावेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत प्रक्रिया के लिए 19 दिसंबर को जिला योजना भवन मण्डला में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

### विजयपथ का शुभारंभ 15 दिसंबर को

**मण्डला।** युवाओं को सही दिशा, करियर मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मंडला द्वारा एक अभिनव पहल के रूप में करियर मार्गदर्शन, परामर्श एवं प्रेरणा आधारित नवाचार प्रोजेक्ट विजय पथ का शुभारंभ सोमवार को रानी दुर्गावती सभागार, आर.डी. कॉलेज, खेरी, मंडला में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और जीवन कौशल से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपने लक्ष्य निर्धारित कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। जिला प्रशासन का यह प्रयास करियर से राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिला प्रशासन ने इस अवसर पर शिक्षाविदों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### 8 वाहनों से 28500 रूपये का समन शुल्क जमा कराया गया

**मण्डला।** परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा शनिवार को मण्डला जिले में संचालित वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 24 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, व्हीएलटीडी, एस.एल.डी, रेडियम, ओव्हरलोडिंग एवं अधिक किराया लेने आदि की जांच की गई। चैकिंग के दौरान 8 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न प्रावधानों के तहत 28500 रूपये का समन शुल्क जमा कराया गया है। चैकिंग कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश कुमार गुप्ता, यातायात प्रभारी ललित धुर्वे एवं परिवहन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## विद्युत मंडल ने वसूले 177 प्रकरण में 1541648 रूपये

# आपसी सुलह से हुआ निराकरण

* नगरपालिका को मिला 423758 रूपये का राजस्व।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को सम्पूर्ण देश में आयोजित की गई। इसी तारतम्य में जिला मण्डला में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।

नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, चैक बाउन्स, श्रम, राजस्व (जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण) पारिवारिक वैवाहिक मामले न्यायालय के प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक, नगरपालिका, विद्युत एवं बीएसएनएल के प्रीलिटिगशन प्रकरणों का निराकरण किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय मण्डला एवं तहसील न्यायालय नैनपुर/निवास/बिछिया में भी उक्त नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। जिसमें सभी समझौते योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु 24 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिसमें आपसी सुलह के आधार पर राजीनामा किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार की नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक के 158 प्रकरणों में से 154 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 2408184 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई। विद्युत विभाग के 178 प्रकरणों में से 177 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 1541648 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई, नगरपालिका के 104 प्रकरणों में से 103 प्रकरण निराकृत हुए, जिसमें 423758 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई।



उपभोक्ता फोरम के समझौता योग्य प्रकरण 15 प्रकरणों में से 09 निराकृत जिसमे 819743 रूपये का आदेश पारित किया गया। न्यायालय के लंबित केसेस में समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण 99 प्रकरणों में से 99 निराकृत। धारा 138 एनआई एक्ट के 51 प्रकरणों में से 51 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें राशि 12327584 का अवार्ड पारित किया गया। एमएसीटी के 84 प्रकरणों में से 84 प्रकरण निराकृत हुये 31301000 का अवार्ड पारित किया गया एवं पारिवारिक विवाद के 16 प्रकरणों में से 04 प्रकरणों को निराकृत किया गया। अन्य सिविल प्रकृति के 8 प्रकरणों में से 8 प्रकरण निराकृत हुये। सभी समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह के आधार पर किया गया तथा सभी लाभान्वितों को पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोक अदालत में उपस्थित लाभान्वित व्यक्तियों को एक-एक पौधा भेंट किया गया व वृक्षारोपण को बढावा देने का संदेश दिया गया। इस प्रकार न्यायालय के पेंडिंग केसेस कुल 324 प्रकरणों में से 312 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 46758901 रूपये राशि का धनादेश पारित किया गया तथा प्रीलिटिगेशन कुल प्रकरण 446 में से 440 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 4381175 रूपये राशि का धनादेश पारित किया गया । इस लोक अदालत से कुल 1171 लोग लाभान्वित हुये।

## दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस का अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में शीतकाल के दौरान बढ़ते कोहरा एवं धुंध के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस मंडला द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। ठंड के मौसम में प्रातः एवं रात्रि के समय दृश्यता कम हो जाने से वाहन चालकों को सामने चल रहे या सड़क किनारे खड़े वाहनों का समय पर अनुमान नहीं हो पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुए यातायात मंडला पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर एवं अन्य भारी वाहनों पर रेडियम/रिफ्लेक्टर पट्टियाँ लगाई जा रही हैं, ताकि कोहरे एवं अंधेरे में ये वाहन दूर से ही स्पष्ट दिखाई दें और टक्कर की घटनाओं को रोका जा सके। मंडला पुलिस द्वारा वाहन चालकों को शीतकाल में सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

क्या करें : यात्रा से पहले एवं दौरान मौसम का पूर्वानुमान देखें। कोहरे की चेतावनी होने पर अनावश्यक यात्रा टालें। कोहरे में धीमी गति से व परिस्थितियों के अनुसार वाहन चलाएं। लो-बीम हेडलाइट व फॉग लाइट का प्रयोग करें। वाहन की सभी लाइटें चालू रखें एवं सुरक्षित दूरी बनाए रखें। सड़क के बाएं किनारे व मार्ग चिह्नों को गाइड के रूप में अपनाएं। मोबाइल, तेज संगीत जैसे विकर्षणों से बचें। शीशे, वाइपर व डीफ्रॉस्टर साफ रखें। अधिक कोहरा होने पर वाहन सुरक्षित स्थान पर पार्क कर फ्लैशर/पार्किंग लाइट चालू रखें। क्या न करें : सड़क के यात्रा वाले हिस्से पर वाहन न रोकें। कोहरा कम होता दिखे तो भी अचानक गति न बढ़ाएं। ओवरटेक करने या दबाव में आकर तेज न चलाएं।

## बटालियन आमानाला में श्रमदान से बना 170 बोरियों का बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जल संचय अभियान के तहत विकासखंड मंडला के लिंगापौड़ी सेक्टर के ग्राम पंचायत आमानाला में सामुदायिक श्रमदान से जल संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया। बटालियन आमानाला के नाला पर 170 बोरी का बंधान स्थानीय लोगों, नवांकुर संस्था प्रवाहिनी समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और सीएमसीएलडीपी के छात्रों की संयुक्त पहल से तैयार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जल संरक्षण को लेकर शपथ भी ली। जिला समन्वयक श्री राजेंद्र चौधरी ने उपस्थित लोगों को बोरी बंधान के महत्व और इसके दीर्घकालिक लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बंधान से आसपास के इलाके में भूजल स्तर बढ़ेगा, रबी फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहेगा और जंगलों में रहने वाले पशु-पक्षियों के लिए भी यह पानी जीवनदायी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि बोरी बंधान जल संरक्षण की एक सरल, सस्ती और प्रभावी सामुदायिक तकनीक है, जिसमें मिट्टी भरी बोरियों से नालों और जल स्त्रोतों पर छोटे अवरोध बनाए जाते हैं, जिससे बारिश का पानी रुकता है, मिट्टी का कटाव कम होता है और गांव की जल उपलब्धता में वृद्धि होती है।

कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा सामूहिक सहयोग से स्वल्पाहार भी आयोजित किया गया, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और अधिक बढ़ गया। इस महत्वपूर्ण पहल में ग्राम की मोबेलाईजर सुलेखा मरावी, दसिया बरकडे एवं सीएमसीएलडीपी के छात्रों का सराहनीय सहयोग रहा। इसी कड़ी में विकासखण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया ने कहा कि एकजुटता से बना यह बोरी बंधान न केवल जल संकट से निपटने में मदद करेगा, बल्कि आने वाली फसलों, पर्यावरण और स्थानीय जीवन को भी संजीवनी प्रदान करेगा। इस पुनीत कार्य में परामर्शदाता श्रीमती रागिनी हरदहा, श्री संतोष रजकजी, श्री आशीष नामदेव, छात्र और छात्राएं, श्री यश तिवारी , श्रीमती दासिया वरकडे, श्री मयूर कछवाहा, श्री राजेंद्र सिंगोर, श्री संतोष कछवाहा, श्री विकास पावले, श्रीमती गंगा वरकड़े, श्रीमती मिथिलेश्वरी, श्रीमती इंदिरा परते, श्रीमती पल्लवी श्रीवास, श्रीमती पूजा चौरसिया, श्रीमती चंद्रलता कछवाहा, श्रीमती सुरेखा वरकडे, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, श्रीमती अनुराधा कछवाहा, श्री कृष्ण कुमार, श्रीमती प्रतिभा यादव, श्रीमती विनोरमा, श्रीमती प्रिया धुर्वे, श्री रेदास, श्रीमती मीनाक्षी यादव, श्री नरेश बैरागी, श्रीमती निशा बैरागी, श्रीमती वंदना रघुवंशी, श्रीमती यशोमती बैरागी, श्रीमती अनुप्रिया मरावी और श्रीमती निर्जला उइके, इसके अलावा प्रवाहिनी समिति से श्रीमती पुष्पा ज्योतिषी और श्रीमती अनीता तिवारी की उपस्थिति रही।

## बैंक के सामने वाहनों का जमावड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

तहसील तिराहा से लेकर नेहरू स्मारक तक वैसे भी दिनभर यातायात व्यस्त होता है विशेषकर सुबह दफ्तर जाने के समय एवं स्कूल के समय जबरदस्त आवाजाही होती है तो वहीं शाम के समय भी कमोवेश ऐसी ही स्थिति रहती है विशेष पर्वो एवं आयोजनों के दौरान भी इसी मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है और ऐसी स्थिति में सड़क के किनारे खड़े वाहनों से यातायात प्रभावित न हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता। पुलिस वाला पेट्रोल पम्प के सामने स्थिति ज्यादा खतरनाक हो जाती है यहां प्रारंभ में डोसे की दुकान उसके बाद एचडीएफडी बैंक और सामने पेट्रोल पम्प आने जाने वाले वाहनों के लिये यह स्थान खतरे से खाली नहीं उसके पीछे वजह है कि सुबह 9 बजे से देर शाम तक बैंक के सामने वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है बैंक के पास खुद की कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं है लिहाजा जो ग्राहक आते हैं वे सड़क से लगकर ही अपने वाहन खड़े करते हैं और यही कारण है कि इन वाहनों से यातायात प्रभावित हो रहा है बैंक के दोनों ओर दो गलियाँ हैं जहां से अंदर रहने वालों का लोगों का आना-जाना लगा रहता है इनमें महिलायें एवं बच्चे भी शामिल होते हैं ऐसे में सड़क किनारे तक खड़े वाहनों से इनका सड़क पर चलना सुरक्षित नहीं होता। यातायात पुलिस को इस दिशा में शीघ्र प्रयास करना चाहिये ताकि बच्चों को विशेष रूप से दुर्घटना से बचाया जा सके।

### सम्मान समारोह

### विद्यार्थियों में राष्ट्र भक्ति का जागरण कर रही है विद्यार्थी परिषद शिवकुमार वर्मा।

# विद्यार्थी परिषद का प्रतिभा सम्मान समारोह

* सभी प्रतिभागियों को दिया गया सांत्वना पुरस्कार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 22 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में मंडला जिले के 2524 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान हेतु सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडला में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ सरस्वती माता, स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया।

प्रथम स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के छात्र श्रेयांश बर्मन पिता कमलेश बर्मन ने प्राप्त किया उन्हें एबीव्हीपी द्वारा स्मार्ट मोबाइल प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय स्थान शासकीय हाई स्कूल मक्के नैनपुर विद्यालय की छात्रा प्रभा साहू पिता महेंद्र साहू को प्राप्त हुआ उन्हें एबीव्हीपी द्वारा साइकिल द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिया गया। वहीं तृतीय स्थान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवास की छात्रा खुशबू बैरागी पिता प्रीतम बैरागी ने प्राप्त किया उन्हें एबीव्हीपी द्वारा स्मार्ट वॉच तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया।

सांत्वना पुरस्कार में चतुर्थ स्थान संतोषी चक्रवर्ती पिता भाई लाल चक्रवर्ती वही पंचम स्थान अंशु साहू पिता नर्मदा साहू शासकीय हाई स्कूल मक्के नैनपुर को मिला।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को सशक्त बनाती हैं और उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है व साइबर अपराधों पर भी चर्चा करते हुए बताया कि हमें इन सभी अपराधों से बचना है और समाज में जाकर इन सभी अपराधों से बचने के लिए जागरूकता भी करना है। वहीं मुख्य वक्ता अभाविप मंडला विभाग संगठन मंत्री रामाधार सिंह बैस ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल,जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। अल्प आयु में ही उन्होंने ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीति को चुनौती दी और समाज को जागृत करने का कार्य किया। कोई भी विद्यार्थी सामान्य नहीं होता सभी प्रतिभा के धनी है। विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम विद्यार्थी के कौशल को जानने में सहायता करते है। अपने सपनों को आकार देना, अपनी क्षमताओं को पहचानना और भविष्य की नींव को मजबूत करना ही विद्यार्थी जीवन का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

अभाविप प्रांत कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वर्षभर विविध कार्यक्रम संचालित करता है तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर सक्रिय रहता है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना देते हुए विभाग संयोजक प्रवीण ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि जिला भर के 8 इकाई के 8 केंद्र में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 2524 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एवं मुख्य वक्ता रामाधार सिंह बैस विभाग संगठन मंत्री एबीव्हीपी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना, विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम की भावना को प्रबल बनाना तथा देश के महापुरुषों के जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

## ग्राम पिपरिया में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



* कलश यात्रा में राधा-कृष्ण जबलपुर की प्रसिद्ध झांकी रही आकर्षण का केंद्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

निवास के समीपी ग्राम पिपरिया में स्व डॉक्टर एस आर की स्मृति में राय परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा कथा व्यास पं अनुज कृष्णम जी महाराज महंत ताराचंद शास्त्री जी एवं स्थानीय संत जनों के सानिध्य और क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में बैंड-बाजे, महाकौशल की आकर्षक झांकी जिसमें राधा-कृष्ण जबलपुर के सुप्रसिद्ध कलाकार राकेश कोरी, निकिता राजपूत द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई जीवंत झांकी एवं रंग-बिरंगी आतिशबाजी, कलात्मक रंगोली, पुष्प वर्षा, रथ के साथ पिपरिया स्थित कथा स्थल से आरंभ हुई। ग्राम भ्रमण करते हुए ग्राम बस स्टैंड गणेश मंदिर के साथ माता खेरमाई मंदिर, शनि मंदिर में आव्हान कर पूजन अर्चन करते हुए वापिस कथा स्थल में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान यात्रा में शामिल महिलाओं एवं पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण किए हुए थे जिससे कलश यात्रा बड़ी ही आकर्षक लग रही थी कथा के प्रथम दिवस पर भागवत कथा का महात्म बताया गया श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित होना हैं कथा में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक वाचन किया जाएगा।

कलश यात्रा के दौरान राधा-कृष्ण, की जीवंत झांकी ने ग्रामीणों का मनमोह लिया युवाओं ने कलाकरों के साथ सेल्फी ली। कलाकारों ने धार्मिक गानों में नृत्य ने ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामीण इतने भावविभोर हो गए के स्वयं भी गानों की धुन में थिरकने से अपने आपको रोक नहीं पाये। युवा सेल्फी लेते नजर आए। कलश यात्रा के सफल आयोजन में पुलिस प्रशासन का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### भांजे ने वृद्ध मामा का हाथ मरोड़ते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीप ही पौड़ार तिरहा निवासी दयाशंकर पिता पूरन लाल गुर्जर उम्र 71 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर के सामने बैठा हुआ था उसी दौरान भांजा जालम पिता नंदलाल गुर्जर आया और पुरानी रंजिश को लेकर बोला की तेरा बेटा राजेश कहा गया वह मुझसे बुराई रखता है। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा अपने मामा को गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा हाथ मरोड़ते हुये चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ढोल बजाने की बात को लेकर की मारपीट

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम गोटीटोरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर पर कुछ लोग ढोल बाजा बजबाने की बात करने के लिये आये हुये थें। इसी दौरान गांव के संतोष उर्फ छोटू बंशकार तथा छगन बंशकार घर के समाने आये और बोले की तू ढोल बाजाने का आर्डर नही लेगा। इसी बात को लेकर दोनों ने गंदी गंदी गालिया देने लगें। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुरानी बुराई को लेकर मारपीट

**चीचली।** नगर के धरमचौक छोटी मस्जिद के पास रहने वाले एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के बाजू में राजकुमार उर्फ गोलू कटारे रहता है जो आये दिन शराब पीकर गाली बकता रहता है। बीते हुये दिवस जब मैं अपने घर पर था उसी समय गोलू कटारे आया और गेट के समाने पुरानी बुराई को लेकर गाली देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत प आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुराने विवाद को लेकर की गई मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम रायपुर गांधी टोला निवासी घनश्याम पिता लेखराम धानक उम्र 27 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह काम करने के बाद अपने घर जा रहा था उसी दौरान घर के पास राजेन्द्र धानक मिला और पुराने विवाद की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किये जाने की बात को लेकर मारपीट की गई तथा अपने साथी प्रदीप धानक व बद्दू धानक को और बुलाते हुये एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कल्याणपुर में हुई मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कल्याणपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर जा रहा था तो रास्ते में ब्रजेश व हेमन्त स्वामी मिला और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो दोनों ने प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इसी दौरान शोर सुनकर जब प्रार्थी का पुत्र आया तो आरोपियों द्वारा उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई।

---

**क्षेत्रवासियों का कहना यदि निष्ठा के साथ जांच हुई तो उजागर हो सकती है चौकाने वाली सच्चाई....**

# कुछ साल पहले ग्राम चोर बरहटा से मेहराखेड़ा तक बनी हुई इस सड़क को खोजने में सफल हो पायेगा प्रधानमंत्री सड़क विभाग .?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा






केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों को सुविधा पहुंचाने के साथ साथ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की सोच रखते हुये गांव गांव प्रधानमंत्री या फिर मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़को का निर्माण कराने के लिये हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर इन सड़को का निर्माण कराने वाले जिम्मेदारों की मिली भगत का परिणाम इस तरह से देखने मिलता है कि सरकारी धन की होली खेलते हुये इन सड़को का निर्माण इस गुणवत्ता के साथ किया जाता है कि वह चंद दिनों के अंदर ही अपनी गुणवत्ता की कहानी उजागर करने से नही चूकती है या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सिर्फ कागजों पर ही तैयार होकर रहे जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चीचली ब्लाक के ग्राम चोर बरहटा से ग्राम मेहराखेड़ा के बीच कुछ वर्ष पहले बनी हुई प्रधानमंत्री सड़क को देखते हुये जान पड़ रहा है। बताया जाता है कि शासन द्वारा पहुंच बिहीन माने जाने वाले इन ग्रामों में निवास करने वाले लोगों को शहर से जोड़ने की सोच रखते हुये प्रधान मंत्री सड़क योजना के 20.35 लाख रूपया स्वीकृत करते हुये इन दोनों गांवों के बीच प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण होना था। वही जब बीते हुये दिवस हमारी टीम द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो पक्की सड़क का नामोनिशान ही नजर नही आ रहा था। यह बात जरूर है कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर स्थापित किया गया वोर्ड जरूर झाड़ियो के बीच अपनी बदहाली पर आंसू बहाने के लिये मजबूर होते हुये दिखाई पड़ रहा था। मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार इस सड़क का निर्माण कार्य 29 सितम्बर 2012 से शुरू हुआ है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि 28 जून 2013 दर्ज देखी जा रही है। वही निर्माण कार्य करने वाली कंपनी श्रीकृष्ण कंस्ट्रक्सन कंपनी शिवपुरी व जिस संस्था के मार्ग दर्शन में कार्य पूर्ण होना था वह महाप्रबंधक (म.प्र. ग्रा.स.वि. प्रा.) दर्ज दिखाई पड़ रहा है। इस तरह बीस लाख से भी अधिक की राशि से बनने वाली इस प्रधानमंत्री सड़क को लेकर मौके पर लगे हुये वोर्ड की सच्चाई पर गौर किया जावे तो 28 जून 2013 निमार्ण कार्य हो चुका है? मगर मौके पर वोर्ड के आलवा सड़क नजर ही नही आ रही है सिर्फ निर्माण कार्य के नाम पर पत्थर जरूर दिखाई पड़ रहे है जिससे लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि कही ऐसा तो नही की सड़क चोरी हो गई हो..? मान लिया जावे के निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा आज से लगभग 10-11 वर्ष पहले यानि की वर्ष2013 में इस प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया था तो फिर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पायेगा कि आखिरकार किस गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य किया गया होगा जिसके चलते चंद वर्ष के अंदर ही सड़क का मौके से नामोनिशान ही गायब हो गया है। जबकि नियम के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य करने वाली कंपनी का निर्माण की गई सड़क पर पांच वर्ष तक की गारंटी होती है और यदि कोई टूट फूट होती है तो उसको सुधार कार्य करते हुये उसे सुरक्षित रखा जाता है। इस तरह मौके पर लगे हुये वोर्ड के हिसाब से चार वर्ष तक तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी कोा सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी थी जिसके चलते वर्ष 2018 तक इस सड़क को किसी भी प्रकार से क्षति पहुंच ही नही सकती थी? वही कंपनी की गारंटी से बाहर इस सड़क को मात्र 6 साल ही अतिरिक्त हुये है इन 6 सालो के बीच पूरी सड़क ही गायब नजर आने से नही चूक रही है? कही ऐसा तो नही की इस सड़क का निर्माण कार्य सिर्फ कागजों पर ही पूरा हो गया हो ... खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने? मगर सड़क निर्माण के नाम पर मौके पर सिर्फ चंद पत्थर ही नजर आ रहे है और वह पत्थर भी क्षेत्र की नदियो से अवैध खनन करने होने की सच्चाई उजागर करते हुये जान पड़ रहे है? क्योंकि किसी भी प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में गोल पत्थरों के माध्यम से निर्माण कार्य नही होता है जिसके चलते सड़क पर पड़े हुये पत्थरों से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि यह पत्थर शायद ग्रामीणों द्वारा अपनी सुविधा के लिये आसपास के नदियों से उठाकर डाले गये होगे? इस प्रकार से ग्राम चोर बरहटा से ग्राम मेहराखेड़ा के बीच लगभग 11 वर्ष पहले निर्मित हुई 20 लाख से भी अधिक कीमत की सड़क की यदि निष्ठा के साथ जांच होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? इस संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इस सड़क का निर्माण हो जाता तो निश्चित तौर से हम लोगों को काफी सुविधाये मिलने लगती। क्योंकि रात के समय हम लोगों को खेतों में आने जाने या फिर जरूरत पड़ने पर डोगरगांव पुलिस थाना जाना पड़ता है तो इसी सड़क से आना जाना करते है। मगर आज भी हमे कच्ची सड़क से अपनी जिन्दगी दांव पर लगाकर निकलने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

## शासकीय कन्या उच्च. शाला में फिर लगी आग, फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर बुझाई




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लोगों में सनसनी का महौल उस समय निर्मित होने से नही चूक पाया जाता नगर की पानी टंकी के पास स्थित शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला के कमरे से धुंआ निकलते हुये देखा गया। इस तरह शासकीय शाला के अंदर आग लगने की खबर मिलते ही जहां मौके पर पहुंच पहुंच गया थी। वही नगर पालिका के समीप होने के चलते शीघ्रता से फायर विग्रेड मशीन ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया। इस तहर घटित हुई आगजनी की घटना से शाला भवन के अंदर कमरे के छप्पर के पास लगी हुई नेट भर जल पाई है और आग को बुझा दिया गया। क्योंकि रविवार का दिन होने के चलते आवकाश दिवस था। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस शाला भवन में इस तरह बार बार आग लगना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? ज्ञात हो कुछ साल पहले भी इसी तरह प्राचार्य कक्ष में आग लगने के चलते जहां जरूरी कागज जलकर खाक होने की घटना आज भी अपने अंदर अनेक प्रकार के राज छुपाये हुये है..? इसके बाद पुनः इस तरह शाला भवन में आगजनी की घटना की खबर चर्चा का विषय बनने से ही चूक पाई है..?

## केमिकल से पके हुये केलों की बाजार में धड़ल्ले से हो रही बिक्री, प्रशासन द्वारा किया जा रहा नजर अंदाज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय चल रही सर्दी मौसम में जहां लोग मौसमी बीमारियों से जूझते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर अन्य नई किस्म की बीमारियों ने आमजन की रातों की नींद गायब किये हुये है। वही दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना कार्य प्रणाली का आलम इस तरह से देखने मिल रहा है कि लोग पूर्णरूप से अपनी मनमानी का परिचय देते हुये आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शहर के बाजार से लेकर चौक चौराहे पर सुन्दर दिखाई देने वाले फल व अन्य सामग्री बिकते हुये देखी जा रही है उसकी जांच करना अधिकारियों द्वारा पूर्णरूप से नजर अंदाज किये जाने का परिणाम इस तरह देखा जा रहा है कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलबाड़ होने से नही चूक रही है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय नगर के अंदर केमीकल से पकाते हुये केलो का विक्रय होते हुये नगर की सड़को पर खुलेआम देखने मिल रहा है। क्योंकि इन केलों को केमीकल से पकाने की सच्चाई खुद केले ही उजागर करने से इसलिये नही चूक रहे है क्यों विक्रय होने वाले केला



जिस तरह आधा पीला व आधा हरे रंग को होने से वह खुद ही इस बात को उजागर कर रहा है कि वह अपने स्वाभिक रूप से नही पका है उसे जबरन पकाया गया है..? यह बात अलग है कि समय समय पर खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के लिये शायद समय नही मिल रहा होगा और व अपने दायित्वों का निर्वाहन सिर्फ कागजों पर करने में मस्त होकर रह चुके है। इसी का परिणाम है कि इस तरह गुणवत्ता हीन सामग्री की विक्रय करने वालों के हौसले बुलंद हो चुके है। मगर हैरत इस बात की है कि इस स्थिति में स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों का जिम्मा भी बनता है कि वह इन चीजों की ओर ध्यान देते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ होने वाली खिलबाड़ पर अंकुश लगाये..? मगर यहां के अधिकारियों की रवैया तो इस तरह से देखने मिल रहा है कि वह अपने आफिस से निकलकर जिस तरह लग्जरी गाड़ी में सबार होने के बाद उसका कांच बंद किया जाता है। वह शायद ही शहर की किसी गली में घुमते हुये देखा जाता हो? इस तरह अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्यप्रणाली के चलते नगर की संपूर्ण व्यवस्थाये जहां भगवान भरोसे चलते हुये दिखाई पड़ रही है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर की मिठाई दुकानों के नजारे देखे जा रहे है। जहां नगर में मिठाई दुकानों पर खुलेआम मिलावटी सामग्री विक्रय होते हुये दिखाई देना जहां आम बात हो चुकी है। जबकि पूर्व में देखा जाता था कि जब जिले की बागडोर जिम्मेदार अधिकारी के हाथों में हुआ करती थी तो वह समय समय पर इस तरह मिलावटी सामग्री विक्रय करने वालों के यहां मीडिया को अपने साथ रखते हुये पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्यवाही करते हुये देखे जाते थें। मगर उनकी बिदाई होने से ऐसा प्रतीत होने लगा है कि शायद शुद्ध के लिये युद्ध के नाम पर अब अधिकारी मलाई खाते हुये सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है।

## सुअरों के विचरण से फैल रही भीषण गन्दगी, यदि ध्यान नहीं दिया गया तो बन सकती है बीमारियों की आशंका...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इन दिनो शहर के निवासियों को जितना डर प्रचंड मँहगाई, भ्रष्टाचार से नही लग रहा है, उससे अधिक दहशत उन सुअरो से हो रही है जो गिरोह के रूप में नगर की गलियों, चौराहो, बगीचों में यह सुअर घूमकर नगर की फिजॉ को खराब करते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि इस समय चल रहे तेज ठंड के मौसम के बीच लोगों को सर्दी जुकाम से पीड़ित होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी नगर की गलियों में घूमने वाले सुअर जिस तरह गंदगी फैलाते हुये देखे जा रहे है उसके चलते बीमारी फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..। वैसे भी देखा जावे तो जहां लोग नई नई बीमारियों से परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर मवेसियों में नई बीमारी अपनी गिरप्त में लेने से नही चूक रही है। इस प्रकार से चल रहे ठंड के मौसम में लगातार फैल रही बीमिरयों के चलते में लोगों को इन आवारा रूप से सुअरों के लगातार भ्रमण के चलते स्वन फ्लू फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है ? क्योंकि इस समय देश के कुछ प्रांत गौवंश के बीच अनेक प्रकार की बीमारियो की गिरप्त में आने के कारण नगर में भ्रमण करने वाले सुअर दहशत का कारण बनने से नही चूक रहे है। ज्ञात हो कि पूर्व नपा द्वारा इस प्रकार से नगर में विचरण करने वाले सुअरों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई थी



जिसके चलते नगर से सुअरों को बाहर किया गया था। मगर वह कार्यवाही पूर्ण से समाप्त हो जाने के चलते पूर्व के चलाये गये इस अभियान के बाद आज तक इस प्रकार के अभियानों की ओर ध्यान नही दिया गया है। क्योंकि आज के समय में नगर में जहां तहां जुअरों के झुंड आसानी से देखने मिल रहे है। बताया जाता है कि अपने लाभ को ध्यान में रखते हुए नगर के अंदर सुअर पालकों ने भारी मात्रा में सुअर पाल रखे हुए है जिनसे वह उनके बाल बेचकर धन कमाने की लालच में लगातार उनकी संख्या में बढ़ोत्तरी कर रहे है और यह सुअर पालने वाले सुबह इन विकृत सुअरो को दड़बो से आजाद छोड़ देते है जो नगर में रात तक खुले घूमते हुए बगीचों, शालाओं के परिसरों, बजार में घुसकर उत्पात मचाते हुए देखे जाते है। सूत्रो से मिल रही जानकारियों के अनुसार ये सुअर शहर मे भीषण गंदगी तो व्याप्त कर ही रहे है। साथ ही घरो कें समान पौधों को भी नुकसान पहुँचा रहें है। विदित हुआ है कि सुअरों की धमाचौकड़ी सें नन्हे मुन्ने बच्चे काफी परेशान हो रहे है और आटों तथा अन्य वाहन चालकों को भी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि जब कोई वाहन अपनी तेज गति से सड़क से निकलता है उसी समय अचानक सुअरो के सड़क पर आ जाने के कारण दुर्घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है? उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षो में नगर में इन सुअरो का घूमना बन्द हो गया था। जिससे लोग उम्मीद में थें कि शायद अब लोगों को इन सुअरों के आंतक से निजात मिल जावेगी। किन्तु इन दिनों फिर नगर में गालियों पर सुअरों के खुलेआम विचरने से लग रहा है कि सुअर पालकों के हौसले फिर बुलन्द हो गए है। नगरवासियों द्वारा नपा. प्रशासन से गुहार लगायी जा रही है कि वह नगर की सड़कों के साथ साथ जहां तहा कालोनियों की कुलियों में घूम रहे सुअरों के खिलाफ कार्यवाही करे जिससे लोंगों राहत मिल सके।

## नगर पालिका परिषद ने लोक अदालत के माध्यम से वसूली 38 लाख की राशि

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समय समय पर लोक अदालत का आयोजन करते हुये उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली छूट का निश्चित ही वह लाभ लेने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये शनिवार को आयोजित हुई लोग नेशनल लोक अदालत के दौरान नगर पालिका में देखने मिला। बताया जाता है कि शासन के निर्देश के परिपालन में बीते हुये 13 दिसम्बर 2025 शनिवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर के उपभोक्ताओं के बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि में अधिभार में छूट प्रदान की गई थी। इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को दिया गया। लोक अदालत का शुभारंभ अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा एवं मुख्य नगर



पालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने किया गया। वही आयोजित लोक अदालत में पहुंचे प्रथम उपभोक्ता का नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सम्मान कर किया गया। इस तरह दिनभर चली लोक अदालत में लोगों ने सरचार्ज में छूट का लाभ लेते हुये जलकर एवं सम्पत्ति कर जमा करने के लिये लाईन लगी हुई देखी गई। इसी के चलते आयोजित नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका परिषद द्वारा सम्पत्ति कर 30 लाख 5 हजार 12 रूप्ये एवं जलकर 8 लाख 40 हजार रूपये की बकाया राशि वसूल की गई।

## ग्रामीण सड़कों से निकल रहे भारी भरकम वाहनों के चलते टूट रही सड़क, आम लोगों की जान के लिए बना खतरा

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गांव गांव पक्की सड़कों का निर्माण तो किया जा रहा है, मगर वह सड़क निर्मित होने के चंद दिनों बात जिस प्रकार से टूट रही है उसका प्रमुख कारण एक है कि प्रभावशालियों के दौड़ रहे भारी भरकम डम्फरों की मार जहां यह सड़क सहन नही कर पा रही है। वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने से भी नही बच पा रहा है? क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के लिए जिस प्रकार से गांव गांव सरकार द्वारा प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क व मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत जिन सड़को का निर्माण किया जाता है इन सड़कों को उसी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है इन सड़कों से इस प्रकार के भारी वाहन तो निकलेगे ही नही सिर्फ किसानों के ट्रेक्टर ट्राली ही निकलेगे। मगर जिस प्रकार से इन ग्रामीण सड़को पर बड़े बड़े दस चाक वाले डम्फर दौड़ रहे है उसके चलते ग्रामीण सड़क चंद दिनों में ही



टूटकर चकरा चूर होने से नही बच पा रही है। जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष जिला कलेक्टर द्वारा भी इस प्रकार से ग्रामीण सड़को से भारी भरकम डम्फर के दौड़ने संबंध प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये गये थें। तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जारी किये गये आदेश में इस बात का उल्लेख किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़को पर वोर्ड स्थापित किये जावे जिसमें इस बात को उल्लेख किया जावे कि यह सड़क कितनी क्षमता के वाहनों का भार सहन कर सकती है उससे अधिक क्षमता के वाहनों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। मगर वर्तमान समय में देखने मिल रहा है कि शायद जिला स्तर से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को इस बात से कोई लेना देना नही रह गया है ओर ग्रामीणों की सुविधाओं के लिये बनाई गई सड़को पर भारी भरकम स्थिति के दौड़ने वाले वाहनों को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। इस स्थिति के चलते जहां ग्रामीण सड़के लगातार टूटते हुये दिखाई दे रहे है।

## शुद्व के लिये युद्व पर सवाल खड़े हर रही है दूध में मिलावट की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

जहां प्रदेश के मुखिया द्वारा मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है। मगर देखा जा रहा है कि जिस तरह दूध में मिलावट का धंधा चल रहा है और उसकी अधिकारियों द्वार की जा रही अनदेखी निश्चित तौर से शुद्व के लिये योद्व पर सबाल खडे करने से नही चूक रही है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय नगर में देखा जावे तो बाहर से आने वाले दूध विक्रय करने वालो की जांच न होने से मिलावटी दूध की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है? दूध में पानी की मात्रा का प्रतिशत चल रहे शादियों के सीजन से मांग और खपत में अंतर आने के कारण दिनों दिन बढ़ती जा रही है? वही दूध में पौष्टिक पदार्थ की मात्रा मिलावट के कारण घटती जा रही है। इस प्रकार से दूध मे मिलावट होने से आम जनों को परेशानी एवं चिंता बनती चली जा रही है। क्योंकि बच्चो को मिलावटी दूध देने से बीमारी का खतरा बन रहा है..? किंतु संबंधित विभाग अधिकारियों को शयद इस बात की कोई चिंता नही रहती है, जिसके कारण दूध विक्रेता शासन प्रशासन के नियम कानून कायदो को ताक में रख अपनी मन मर्जी के अनुसार मिलावटी दूध का कारोबार धडल्ले से करते हुये देखे जा रहे है तथा नगर में लोगों को दूध के नाम सफेद पानी खरीदना पड़ रहा है? वैसे तो नगर में गिनती की डेरी है, किंतु बाहर से आने वाला दूध गली मोहल्लो में साइकिलो से बेचने वालों की एक लंबी कतार रहती है। जिनका दूध बेचने को कोई भाव नही रहता, इसी तरह सैकड़ो लीटर दूध गांवो से आता है, जिनकी कभी भी किसी तरह जांच नही होती है। इसी के चलते मिलावटी दूध विक्रेताओं के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। वही आम नागरिको के स्वास्थ्य के साथ दूध बेचने वाले एवं इनके निरीक्षण करने वालो द्वारा की जा रही अनदेखी के चलते खिलबाड़ होने से नही चूक रही है। इसी के चलते आमजन द्वार संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि दूध के नाम पर नगर में जो खुले आम पानी अन्य प्रकार की मिलावट करते हुये बेचा जा रहा है उसकी जांच करते हुये मिलावटर खोरों के खिलाफ कार्यवाही की जावे।

## शासकीय चिकित्सालय की बाउंड्री के पास शराबियों की जमघट से हो रही परेशानी?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** आये दिन स्थानीय पुलिस थाने में आयोजित होने वाली बैठकों में पुलिस अधिकारियों द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए बड़ी बड़ी बाते तो की जाती है? मगर यदि उन्हें सच्चाई में देखा जावे तो सिर्फ वह बाते उसी बैठक तक ही सीमित होती हुई नजर आती है? इस बात की सच्चाई वर्तमान में नगर में दिखाई दे रही है, लोगों का कहना है कि स्थानीय खेल ग्राउंड व स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के पास बनी नई बाउन्ड्री बाल के पास प्रतिदिन शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है,जिसके कारण इन स्थानों से निकलने वाले लोगों को जहा परिशानियों का सामना करना पड़ता है। वही यदि इस मार्ग से कोई भूल बस महिलाओं का निकलना होता है तो इन शराबियों की छीटाकशी के चलते उसे अपमानित तक होना पड़ता है? वही शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्री के पास लग रहे शराबियों के जामवड़ा से तो वहा निवास करने वाले लोगों को परेशानी उठाना ही पड़ रही है, तथा दूसरी ओर पास में बने बंजारी माता पर दर्शन करने जाने वाली माँ बहिनों को भी इनको मनचनों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमान का कड़वा घूट पीना पडं रहा है? जब भी बैठक का आयोजन होता है तो पुलिस अधिकारियों द्वारा शराबियों की मनमानी से निजात दिलाने के दाबे किये जाते है। मगर पुलिस बैठक के बाद उदासीन होकर मात्र तामशा देखते हुए नजर आती है? वर्तमान में इन शराबियों की हुड दग्ग लीला से शासकीय चिकित्सालय के पास निवास करने वाले लोगो परेशान हो रहे है मगर पुलिस को सूचना करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही होने के कारण शराबियों की हौसले अपने सातवे आसमान पर दिखाई दे रहे है। अतः नगरवासियों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक से इस ओर ध्यान देने की अपेक्षा जताई जा रही है।



## आवास, स्वास्थ्य, पेयजल से लेकर कृषि तक—जिले की विकास गाथा

# जिले ने छुए विकास के नए आयाम, प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी ने गिनाईं उपलब्धियां

डिंडौरी

प्रभारी राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि डिंडोरी जिला बीते वर्षों में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताया की मध्यप्रदेश एक वर्ष में सार्वाधिक निवेश प्रस्ताव लाने वाला तीसरा राज्य बना। निवेश को सरल तेज और पारदर्शी बनाने के लिए एमपी इंवेस्ट पोर्टल 3.0 लांच किया। विशेष पिछडी जनजाति के युवाओं को पुलिस, सेना, होमगार्ड में भर्ती कराने के लिए प्रशिक्षण हेतु बैगा, सहरिया के लिए बटालियन गठित होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामिण के अंतर्गत 11लाख 46 हजार आवास स्वीकृत कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। नक्सल प्रभावित जिले में विकेन्द्रीकृत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आरभं किया गया।





प्रेसवार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद अध्यक्ष आशा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार, अवधराज बिलैया पूर्व अध्यक्ष, सुनील जैन पूर्व अध्यक्ष, नरेन्द्र राजपूत, जयसिंह मरावी, कृष्ण कुमार परमार, जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहिनीं सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, जनसंपर्क अधिकारी और पत्रकारगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के समग्र विकास हेतु उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। बैगा क्षेत्रों में 32 नवीन आंगनवाड़ियां प्रारंभ की गईं, 902 बैगा परिवारों के घरों का विद्युतीकरण किया गया। 31 सड़कों (कुल 76.03 किमी) की स्वीकृति दी गई, जिनमें से 3 सड़कों (25.95 किमी) का निर्माण पूर्ण हो चुका है।8021 आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 4082 आवास पूर्ण हो चुके हैं। बैगा बाहुल्य ग्रामों में 2 मेडिकल मोबाइल यूनिट संचालित की जा रही हैं। सांदीपनि विद्यालय नरिया हेतु 50-50 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं, जिनका निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जिला चिकित्सालय डिंडोरी को 100 से 200 बिस्तरों में उन्नयन किया गया है।

50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ सेंटर स्वीकृत होकर निर्माण कार्य प्रगतिरत है। 30 बिस्तर से 50 बिस्तर क्षमता वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य जारी है। 59 नवीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवनों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। 03 नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिले को शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनसे आज दिनांक तक 152 शवों का परिवहन किया गया।पीएम जनमन योजना अंतर्गत 02 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 68 पीवीटीजी ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। RBSK कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 0 से 18 वर्ष तक के 92 बच्चों को निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध कराई गई। टीबी कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 1836 एवं 2025-26 में 1380 निश्चय मित्र बनाए गए, जिनके माध्यम से टीबी मरीजों को पोषण सहयोग दिया जा रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विगत दो वर्षों में 185 योजनाएं पूर्ण की गईं तथा 199 योजनाएं हस्तांतरित की गईं। 23,247 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कर घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया है। समस्याग्रस्त बसाहटों में 162 हैंडपंप खनन कर पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ की गई है।खरीफ उपार्जन 2025-26 में 25,820 किसानों का पंजीयन हुआ है, रकबा 42,980 हेक्टेयर रहा, जो विगत वर्ष की तुलना में 9.25 प्रतिशत अधिक है। एक जिला- एक उत्पाद योजना अंतर्गत कोदो-कुटकी के क्षेत्रफल में 10,000 हेक्टेयर का विस्तार हुआ है। वर्तमान रकबा 49,150 हेक्टेयर एवं संभावित उत्पादन 44,726 मीट्रिक टन है। जिले में प्रथम बार कोदो-कुटकी की उपार्जन में खरीदी प्रारंभ की गई।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 47 हितग्राहियों को 318.97 लाख रुपये तथा वर्ष 2025-26 में 39 हितग्राहियों को 267.13 लाख रुपये से लाभान्वित किया गया। आयुष विभाग द्वारा जिले में संचालित औषधालयों के माध्यम से 1,73,674 तथा एनआरएचएम संस्थाओं के माध्यम से 49,995 रोगियों को उपचार उपलब्ध कराया गया। 525 निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविरों में 38,447 लोगों को लाभ मिला।आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान में बजाग, करंजिया एवं मेहंदवानी विकासखंडों ने शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल की, जिसके लिए जिले को राज्य स्तरीय रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में 107.18 करोड़ रुपये के 4073 कार्य स्वीकृत किए गए। पानी रोको अभियान, जीरो टिलेज खेती, जैविक हाट-बाजार, स्व-सहायता समूहों को रोजगार, बीएसएनएल के नए टावर, राजस्व अभियान 3.0 में शत-प्रतिशत निराकरण जैसी पहलें की गईं।

### जिले का गौरव

मिलेट क्वीन लहिरी बाई एवं वाटर वॉरियर उजियारो बाई को जल संरक्षण एवं श्रीअन्न संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला, जिससे जिले का नाम गौरवान्वित हुआ।अंत में मंत्री ने कहा की जिला प्रशासन पंखिनी नवाचार के माध्यम से जिले की बालिकाओं को निःशुल्क कोचिंग एवं शारीरिक परीक्षा की तैयारी के माध्यम से युवा-युवतियों को स्वरोजगार से जोडने की विशेष पहल की सराहना की। प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि जिला प्रशासन जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## मैया अभियान के स्वयंसेवकों ने नर्मदा मैया की स्वच्छता के लिए चलाया विशेष अभियान



डिंडौरी

नर्मदा मैया की पावन तट को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के उद्देश्य से मैया अभियान के अंतर्गत आज रविवार प्रातः 7बजे से डेम घाट पर सराहनीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में मैया अभियान से जुड़े उत्साही स्वयंसेवकों ने नर्मदा मैया के तट पर पहुँचकर पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ साफ-सफाई की।स्वच्छता अभियान के दौरान नदी किनारे फैला हुआ काफी मात्रा में कचरा एकत्रित किया गया, जिसमें प्लास्टिक, पॉलिथीन, पूजा सामग्री और अन्य अपशिष्ट शामिल थे। स्वयंसेवकों ने न केवल कचरा हटाया, बल्कि लोगों को यह संदेश भी दिया कि नर्मदा मैया हमारी आस्था की प्रतीक हैं और उनकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

इस अवसर पर मैया अभियान के सदस्यों ने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति थोड़ी-सी जिम्मेदारी समझे, तो नर्मदा मैया सदैव स्वच्छ और पवित्र बनी रह सकती हैं। अभियान में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ रही है।स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल पर्यावरण सुरक्षित होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छता का संदेश मिलता है। रविवार को आयोजित मैया अभियान में सेवादार जिला आयुष अधिकारी डॉ संतोष परस्ते , नेहरू युवा केन्द्र समन्वयक आर पी कुशवाहा , उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित ,प्राचार्य शाहिद खान, भागवत यादव,महारन प्रताप सिंह, ओम वीर जाट ,महेंद्र उचेहरा , विद्यार्थी माही बरोतिया,बी एड प्रशिक्षु निशा साहू ,अर्चना साहू एवं साक्षी साहू ने श्रम दान कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया ।

# प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला डिंडौरी किकरझर घाट में मनाएंगे पेंशन दिवस

अमरपुर।



प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लाक शाखा अमरपुर के ब्लाक अध्यक्ष भजन लाल कुंजाम, संरक्षक शिखर चंद्र चंद्रौल तथा जिला उपाध्यक्ष प्रभात सोनी द्वारा जारी संयुक्त विज्ञप्ति के अनुसार दिनांक 17 दिसंबर को जिले में पेंशन दिवस का आयोजन ब्लाक शाखा अमरपुर तथा ब्लाक शाखा समनापुर के संयुक्त तत्वाधान में किकरझर घाट में मां काली के दरबार में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ब्लाक शाखा समनापुर के उपाध्यक्ष यू डी बड़गैया, ए एस तेकाम, रामाश्रे पटैल के अनुसार विगत दिनों इसी आशय को लेकर ब्लाक अध्यक्ष समनापुर केदार प्रसाद पाण्डेय के आह्वान पर कार्यक्रम को अंतिम मूर्त रूप देने वरिष्ठ पेंशनर एवं संभागीय सचिव सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर हीरा सिंह मरकाम की अध्यक्षता में दोनों ब्लाक शाखाओं की बैठक समनापुर में आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से कार्यक्रम को अंतिम रूप देते हुए सभी आवश्यक बिन्दुओं पर निर्णय लेते हुए ठंड को ध्यान में रखते हुए दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया। जिसमें वरिष्ठ पेंशनरों तथा पेंशनर बहनों द्वारा मां काली के पूजन अर्चन के पश्चात वरिष्ठ पेंशनरों एवं पदाधिकारियों के सम्मान के पश्चात पेंशनरों द्वारा कविता, गीत तथा उद्बोधन के पश्चात मिलन भोज सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में जिले की कलेक्टर श्रीमति अंजू पवन भदौरिया को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। जिसके आमंत्रण के लिए जिला शाखा कोरग्रूप को अधिकृत किया गया। उल्लेखनीय हैं कि अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले विभिन्न विकास खंडों से लगभग 200 पदाधिकारियों की संख्या प्राप्त हो चुकी हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में लापरवाही का गंभीर मामला, गलत इलाज से युवक को गंवाना पड़ा पैर






**अमरपुर।** एक समय जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पहचान रखने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर अब गंभीर अव्यवस्थाओं और लापरवाही का केंद्र बनता जा रहा है। हाल ही में सामने आए एक मामले ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है।जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को सोनू उर्फ युवराज यादव (19 वर्ष) सामान लेकर जाते समय गिर गया, जिससे उसके पैर में दर्द और सूजन हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर लेकर पहुंचे, जहां उसे एक्स-रे कराने के लिए भेजा गया। एक्स-रे ऑपरेटर द्वारा एक्स-रे किया गया, जिसके एवज में रोगी कल्याण समिति की रसीद क्रमांक 989 के माध्यम से 50 रुपये शुल्क लिया गया।

पीड़ित के अनुसार एक्स-रे के बाद ऑपरेटर सुरेंद्र साहू ने बताया कि कोई गंभीर समस्या नहीं है और घुटने की कटोरी खिसक गई है। उन्होंने प्लास्टर करने से ठीक हो जाने की बात कही। इसके बाद मरीज को निजी कमरे में ले जाकर 3 हजार रुपये लेकर पक्का प्लास्टर कर दिया गया।अगले दिन युवक की हालत बिगड़ गई और दर्द असहनीय हो गया। परिजन उसे मंडला के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धार्वे के पास ले गए, जहां प्लास्टर कटवाकर जांच की गई और तत्काल जबलपुर रेफर कर दिया गया। जबलपुर के ग्लेक्सी ग्लोबल अस्पताल में ऑपरेशन हुआ, इसके बाद रायपुर एम्स और फिर नागपुर ले जाया गया। नागपुर में चिकित्सकों ने बताया कि संक्रमण अत्यधिक बढ़ चुका है और अब घुटने के नीचे से पैर काटना ही एकमात्र विकल्प बचा है।एक साधारण चोट में गलत इलाज और लापरवाही के चलते युवक को अपना पैर गंवाना पड़ रहा है। आरोप है कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के प्लास्टर लगाया गया और अनाधिकृत रूप से दवाइयां लिखी गईं। साथ ही बाजार से दवाइयां खरीदने की पर्ची भी दी गई।

क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों और नीम हकीमों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है, जो प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम इलाज कर रहे हैं। इस तरह की घटनाएं स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

इस मामले में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल रिसीव न होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका।इस संबंध में एक्स-रे ऑपरेटर सुरेंद्र साहू का कहना है कि उन्होंने केवल एक्स-रे किया और सलाह के तौर पर दवाइयां लिखी हैं।

# पार्षद राजकुमारी रजक को नारी शक्ति सम्मान



**डिंडौरी** । नगर परिषद शहपुरा के वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद राजकुमारी तरुण कुमार रजक को उनके सामाजिक योगदान एवं जनसेवा कार्यों के लिए नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह बी.एम.एस. पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश एवं नगर निगम जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि ने की। समारोह में महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पार्षद श्रीमती राजकुमारी रजक को यह सम्मान प्रदान किया गया, जिसे उन्होंने अपनी बहनों के माध्यम से ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# श्री राम जानकी मंदिर परिसर में नलकूप खनन नर्मदा परिक्रमा वासियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

शहपुरा



नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री राम जानकी मंदिर, बाजार चौक में लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए रविवार को नलकूप (बोरिंग) खनन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस नलकूप के प्रारंभ होने से विशेष रूप से नर्मदा परिक्रमा वासियों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उनकी यात्रा और अधिक सुगम बनेगी।

राम मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने इस जनहितैषी कार्य के लिए नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल एवं समस्त नगर परिषद का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्षों से मंदिर परिसर और आसपास आने वाले श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा वासियों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसे नगर परिषद ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दूर किया है। नलकूप खनन कार्य के शुभारंभ अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, लोक निर्माण विभाग पार्षद हरीश साहू, सुरेंद्र साहू, अरविंद श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, राजेश गुप्ता, देवेंद्र वनवासी, दीपक गुप्ता, राम मंदिर समिति अध्यक्ष अजय गुप्ता सहित सोनेलाल विश्वकर्मा, राजेश सोनी, पहलाद साहू आदि उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने इस कार्य को नगर के लिए उपयोगी बताते हुए नगर परिषद की सराहना की और कहा कि यह पहल श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा वासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

# प्राथमिक शाला बांका टोला में पदस्थ संगीता कांवरे शिक्षिका ने छात्र, छात्राओं को बांटे गर्म कपड़े छात्र, छात्राओं में खुशी

अमरपुर

जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला बांका टोला में पदस्थ शिक्षिका संगीता कांवरे का सराहनीय पहल बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निशुल्क गर्म कपड़े वितरित की गई। छात्र, छात्राएं निशुल्क गर्म कपड़े पाकर खुश नजर आएं। गांव देहांत में आज भी मजदूर वर्ग के लोग जीवन यापन कर रहे हैं। जोकि समय में अपने एवं अपने बच्चों के लिए खाना कपड़ा उपलब्ध नहीं करा पाते हैं।



इसके लिए सरकार शालाओं में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र, छात्राओं के लिए खाना कपड़ा का पूरा इंतजाम किया जा रहा हैं। इसके अलावा सरकार और भी विद्यार्थियों के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर पूरी सहयोग कर रही हैं। जिससे विद्यार्थियों का शिक्षा सफल हो सकें। इसके साथ साथ कुछ शिक्षक, शिक्षिकाओं के द्वारा अपने छात्र, छात्राओं के प्रति समर्पित देखने को मिलता हैं। शिक्षा दीक्षा तो देते ही हैं इसके साथ छात्र, छात्राओं को जरूरतों के साथ - साथ छात्र, छात्राओं को उपयोगी सामग्री भी स्वयं के राशि खर्च कर उपलब्ध कराकर शिक्षक, शिक्षिकाओं के प्रति आदर्श मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। जानकारों के अनुसार जैसे कि बांका टोला में पदस्थ शिक्षिका के द्वारा पिछले वर्ष भी छात्र, छात्राओं को गर्म कपड़े बांटे गये थे और इस वर्ष भी स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े बांटकर छात्र, छात्राओं की कड़कड़ाती ठंडी में मदद कर सराहनीय कार्य की जिसकी क्षेत्र में सराहना हो रही हैं।

# विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय स्तरीय मार्गदर्शक मण्डल बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय मार्गदर्शक मण्डल बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से संत-महात्मा, धर्माचार्य एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आदिवासी अंचलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उभरती धार्मिक व सामाजिक चुनौतियों पर विचार करते हुए सनातन धर्म, मठ-मंदिर व्यवस्था एवं हिंदू समाज को वर्तमान समय के अनुरूप सही दिशा प्रदान करना रहा। बैठक में अमरकंटक के प्रतिष्ठित संत स्वामी जगदीशानंद महाराज, कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक तथा महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज, मृत्युंजय आश्रम, अमरकंटक की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों संतों ने सनातन धर्म की मूल भावना, सामाजिक समरसता तथा धार्मिक संस्थाओं की समाज निर्माण में भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। मार्गदर्शक मण्डल बैठक में यह विचार प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया कि मठ, मंदिर और संत समाज केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहकर संस्कार, सेवा, शिक्षा और राष्ट्रभाव के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का कार्य करें। संत समाज ने एक स्वर में कहा कि आज के समय में सनातन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठित, सकारात्मक एवं संवादपरक प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में हिंदू समाज को जागरूक करने, युवाओं को धर्म व संस्कृति से जोड़ने, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सतत अभियान चलाने तथा राष्ट्रहित में धर्माचार्यों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संतों ने आह्वान किया कि भारतवर्ष का



संत समाज एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा, संवर्धन एवं सामाजिक समरसता के लिए सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित संतों एवं पदाधिकारियों ने सनातन धर्म, राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण उत्थान हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### अभाविप द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले भर में आयोजित की गई जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 16 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। यह भव्य कार्यक्रम पीजी कॉलेज, नरसिंहपुर में संपन्न होगा, जिसमें प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं की घोषणा कार्यक्रम के दौरान की जाएगी। नगर सह मंत्री उत्कर्ष रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार मोबाइल, द्वितीय पुरस्कार साइकिल, तृतीय पुरस्कार स्मार्ट वॉच तथा संगठन ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहवर्धन के लिए एक सहभागिता प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किया जाएगा छात्रों की सुविधा की दृष्टि से तहसील स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। एबीवीपी का उद्देश्य इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में शैक्षणिक चेतना और सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना है, साथ ही उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है। यह प्रतियोगिता जिले के छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है।

### तेंदुए के अवशेष एवं मोर का शव बरामद

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस वन विभाग को जिले की सीमा क्षेत्र मोर का शव मिला। वन विभाग द्वारा मोर के शव को कब्जे मे लेकर जांच तथा कागजी कार्रवाई प्रारंभ कर दी। वन विभाग द्वारा मोर का परीक्षण कराकर आगे की कार्रवाई की जावेगी। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिंहपुर चैंकी पुलिस जैतपुर सहायक वन परिक्षेत्र के ग्राम बरपानी में दबिश देकर आरोपियों से तेंदुए की खाल एंव पंजा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा उक्त संबंध मे कोई जानकारी नही दी जा रही है। वही सूत्रों के अनुसार पुलिस ने चार आरोपियों के पास से तेंदुए की खाल एवं पंजे बरामद किए है। स्टेशनगंज थाना प्रभरी सौरभ पटेल द्वारा बताया गया कि उक्त संबंध मे मुझे कोई जानकारी नही है। वही वन परिक्षेत्र अधिकारी पी के प्यासी द्वारा कहा गया कि उक्त संबंध में कोई जानकारी मुझे ना तो पुलिस द्वारा दी गई है और ना ही स्टाफ द्वारा बताया गया है। अब देखना होगा कि दोनो मामलों मे क्या सामने आता है या पुलिस द्वारा मामले को दबा दिया जाता है। वन विभाग द्वारा मोर को जब्ती में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। विभाग द्वारा मोर की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिससे ज्ञात हो सकेगा कि मोर की मौत किन कारणों से हुई है।

### 26 प्रकरणों में से 25 मामलों का हुआ निराकरण



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस व्यवहार न्यायालय तेंदूखेडा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति माननीय अरविंद मीणा के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण सहित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सोनाटा फाइनेंस पंजाब नेशनल बैंक म०प्र० ग्रामीण बैंक इत्यादि बैंको के अधिकारी कर्मचारी तथा बैंको से संबंधित पक्षकार एवं समस्त न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद सिविल प्रकरण एवं राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण जल-विद्युत कर आदि से संबंधित प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों का आपसी बातचीत से समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया। जिसमें न्यायालय में लंबित कुल 26 प्रकरणों में से 25 प्रकरण निराकृत किये।

## स्कूल प्रबंधन पर परिजन ने लगाएं आरोप

# फीस न देने पर छात्र को अर्धवार्षिक परीक्षा से रखा वंचित

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

जिले में शिक्षा व्यवस्था पर समय समय पर सवाल उठते रहते है लेकिन शिक्षा मंत्री के गृह जिले मे ही शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे तो प्रदेश की स्थिति को समझा जा सकता है। नेताओं व सरकार द्वारा मंचों घोषणाएं की जाती है कि गरीबी शिक्षा में बाधा नहीं बन सकती है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय मे सामने आई जहां पर फीस ना देने के कारण छात्र को परीक्षा से वंचित रखा गया। जबकि प्रशासन एवं सरकार द्वारा मंचों से घोषण की जाती है कि फीस पूरी जमा ना होने की स्थिति में भी विद्यार्थी को परीक्षा से बाहर नही किया जा सकता है लेकिन ऐसे वादों को पूरा ना होने के कारण ही लोग सरकार व प्रशासन को कोसते रहते है।

### नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

निजी स्कूलों में चल रही मनमानी अब शिक्षा विभाग को ही आईना दिखाने लगी है निजी स्कूल में इन दोनों छात्र-छात्राओं की अर्धवार्षिक की परीक्षाएं ली जा रही हैं लेकिन उन अर्धवार्षिक परीक्षा में पेपर लेने की पहले छात्र-छात्राओं से उनके स्कूल फीस की वसूली करना चर्चाओं में है और निजी स्कूल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। स्कूल प्रबंधन द्वारा आरटीई के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही






है। जिस पर प्रशासन द्वारा अंकुश नही लगाया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की ऐसे स्कूलों की जांच कर ठोस कार्रवाई जाएं जिससे विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय में संचालित गुरूकुल स्कूल में पढ़ने वाले छात्र को पूरी फीस जमा ना होने के कारण स्कूल प्रबंधन द्वारा अर्द्धवाषिक परीक्षा देने से वंचित कर दिया। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय के स्टेशन गंज मंडी रोड पर गुरूकुल स्कूल संचालित किया जा रहा है जहां से उक्त मामला सामने आया। परिजनों द्वारा बताया गया कि तीसरी कक्षा में पढ़ रहे छात्र भविष्य लोधी का भविष्य बिगड़ने में स्कूल प्रबंधन ने कोई कसर नही छोड़ी छात्र को अर्धवार्षिक की परीक्षा में पेपर देने से वंचित रखा गया। वही गोटेगांव के एक निजी स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा के पहले फीस न देने पर बच्चों को स्कूल के बाहर 15 से 20 मिनिट घुटने लगवाने की बात भी सामने आ रही है। लेकिन शिक्षा विभाग इन घटनाओं पर ध्यान तक नही देता और इसके कारण ही निजी स्कूलों में मनमानी की घटना बढ़ती जा रही है। जिसका शिकार स्कूल में पढ़ रहे छात्र छात्रा हो रहे है।

### परिजनों ने लगाया आरोप

उक्त संबंध मे परिजनों द्वारा स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए बताया गया कि फीस जमा ना होने के कारण छात्र को परीक्षा से वंचित रखा गया साथ ही उसे धूप मे खड़ा रखा गया जबकि वह बीमार था। स्कूल प्रबंधन द्वारा उक्त संबंध मे परिजनों को भी सूचित नही किया गया। अब सवाल खड़ा होता है कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी ऐसे ही चलती रहेगी क्या फीस न देने पर बच्चों को पेपर से वंचित रखा जा सकता है आखिर किस नियम में ऐसा लिखा हैं जबकि परीक्षा में बैठने से रोकना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन माना जाता हैं। लेकिन निजी स्कूल नियम कायदे की धज्जियां उड़ा रहे है। अब देखना हैं शिक्षा विभाग के अधिकारी ऐसे प्राइवेट स्कूलों पर क्या कार्रवाई करेंगे।

### इनका कहना है

उक्त संबंध में आपके द्वारा जानकारी दी गई है में इसकी जांच कराता हूं।

**प्रतुल इदुरुख्या, जिला शिक्षा अधिकारी**

छात्र के परिजन ठाकुर सिंह ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगते हुए कहा कि उसके बेटे को धूप में खड़ा रखा जबकि उसका बेटा बीमार है जिसकी दवाई का परचा वह अपनी जेब में ही रखे हुआ था, परिजन का आरोप है कि फीस न देने पर उसके बेटे को परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया और धूप में खड़ा रखा और उसको सूचित नही किया।

**ठाकुर सिंह, परिजन डोंगरगांव**

उक्त संबंध में स्कूल संचालक से बात की तो उन्होंने कहा कि स्कूल में कैमरे लगे है। ऐसा कुछ नही हुआ फीस न देने को लेकर भविष्य लोधी के परिजन आये थे फीस उनके द्वारा जमा कर दी गई अब छात्र परीक्षा दे सकेंगे।

**दीपक वर्मा, गुरुकुल स्कूल संचालक**

### भीषण सड़क हादसे में घायल दो युवक घायल



गोटेगांव बीते दिनों खमारिया पेट्रोल पंप के पास देर रात दो बाइको की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिंन्हे राहगीरों के द्वारा सहायता करते हुए एक को गम्भीर स्थिति में जबलपुर रेफर किया वही दूसरे युवक की पैर में चोट होने पर 108 एम्बुलेंस को कॉल कर उसे गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गयाराहगीरों ने बताया कि वह जबलपुर से लौट रहे थे उसी दौरान खमरिया पेट्रोल पंप के पास दो युवक रोड़ पर डले थे और उनकी बाइक भी रोड पर डली थी देखने पर लगा कि दोनो बाइक चालक की आमने-सामने की भिड़ंत हुई हैं।और दोनो गम्भीर घायल थे,तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और एक प्राइवेट एम्बुलेंस की सहायता से गम्भीर घायल को जबलपुर भेजा गया वही एक युवक जिसका नाम राहुल बताया गया उसको 108 एम्बुलेंस में सिप्ट कर गोटेगाव स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा हैं। इस पूरी घटना में 108 के चालक एमटी शोभाराम एवं पायलट राजकुमार मिथुन की भूमिका सराहनीय रही1

# उज्जैन व नरसिंहपुर के मध्य खेला गया हॉकी का फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उज्जैन और नरसिंहपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसने दर्शकों को अंत तक रोमांचित बनाए रखा। निर्धारित समय में दोनों ही टीमों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-4 गोल की बराबरी पर मैच समाप्त किया। इसके बाद मुकाबले का निर्णय शूटआउट के माध्यम से हुआ, जिसमें नरसिंहपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया फाइनल मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और तकनीकी कौशल का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। मैदान पर हर पल रोमांच बना रहा और दर्शकों की तालियों से स्टेडियम गूंजता रहा। शूटआउट के दौरान नरसिंहपुर के



गोलकीपर ने निर्णायक बचाव कर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष महंत पीतमपुरी, राधेश्याम नेमा, मामा सरदार, अजय प्रताप अजीत जाट, संदीप ममार, सुरेन्द्र मोहन नेमा सहित अनेक अतिथि मंचासीन रहे। इनके साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी और दर्शक उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करती हैं। समापन समारोह में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल एवं विधायक महेंद्र नागेश ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार एवं मेडल प्रदान किए। नरसिंहपुर की विजेता टीम को जैसे ही ट्रॉफी सौंपी गई, खिलाड़ियों और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। वहीं उज्जैन की टीम को उपविजेता की ट्राफी और नगर इनाम दे कर उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि समापन के साथ ही दर्शकों ने आयोजकों और खिलाड़ियों का तालियों के साथ अभिनंदन किया और प्रतियोगिता को यादगार बताया इसी के साथ इस प्रतियोगिता में सहयोग हेतु अंपायर रंजीत गौतेल,सौरभ राजपूत,नीरज मेहरा को सम्मानित किया गया वही टेक्निकल टीम राघवेंद्र दुबे,पूजा विश्वकर्मा, जियाउर रहमान सुशील महर्षि को सम्मानित किया गया वही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बेस्ट गोलकीपर सुदर्शन उज्जैन रहे , फुल बैक अरम उज्जैन रहे सेंटर हाफ सुशील महर्षि नरसिंहपुर रहे बेस्ट फॉरवर्ड आमीन नरसिंहपुर रहे इसके उपरांत सभी ने राष्ट्रगान कर प्रतियोगिता का समापन किया गया।

# कलेक्टर ने की दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आगामी 17 दिसम्बर से शुरू हो रहे दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण की समीक्षा कर अभियान को सफल बनाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीम को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान जिले के पशु पालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा और दुग्ध उत्पादन को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अभियान जिले के कुल 13 हजार 547 पशुपालकों को कवर करेगा। इसमें




87 हजार 313 गोवंश एवं भैंसवंशी पशु को शामिल किया गया है। इस द्वितीय चरण में पशु चिकित्सा विभाग की टीमें विशेष रूप से उन पशुपालकों से संपर्क करेंगी, जिनके पास 5 या 9 गोवंश या भैंसवंशी पशु है। अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों के घर- घर जाकर उनसे सीधे संवाद कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की जा सके। अभियान को सफल बनाने के लिए 43 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, 172 गौ-सेवक (गौ-मैत्री सहित) शामिल हैं। इन सभी 215 कर्मियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा पशुपालकों से ष्सार्थक संवादष करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण टीम को पशुपालकों की समस्याओं को समझने और उन्हें प्रभावी समाधान प्रदान करने में सहायता करेगा। उप संचालक पशुपालन विभाग नरसिंहपुर डॉ. सुनील कुमार ब्रजपुरिया ने बताया कि गठित टीम घर-घर जाकर पशुपालकों से संपर्क करेगी।

# एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्वास्ति जैन ने दिखाया दमखम

### ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त से हुई सम्मानित, प्रदेश का किया नाम रोशन



**गोटेगांव** बीते दिवस इंदौर में आयोजित 69वी राष्ट्रीय विद्यालयी खेल एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 17 वर्षीय जूनियर बालिका वर्ग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्रा कक्षा -11 वी की छात्रा स्वास्ति जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया एवं पूरे मध्य प्रदेश राज्य का नाम रोशन किया एवं अपने माता पिता एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया, साथ ही जैन समुदाय का मान बढ़ाया जिसे जैन समाज में भी हर्ष व्याप्त है, छात्रा गोटेगांव हरदौल वार्ड निवासी किसानी मोहल्ला पिता श्री राजीव जैन उर्फ टीनू श्रीमती वर्षा जैन की बेटी एवं शिक्षक राहुल रंजन जैन की भतीजी हैं छात्रा की इस उपलब्धि पर परिवार जनों एवं संस्था के प्राचार्य श्री डी एल उईके एवं समस्त स्टाफ विद्यालय परिवार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्रा शुभकामनाएं प्रेषित कर छात्रा के उज्ज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की हैं।

# जय श्री राम सीता- राम का स्मरण करे, वह संकट सागर तर जाए



## संकट मोचन की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षो से भी अधिक समय से एवं 313 वें सप्ताह से निरंतर जारी

गोटेगांव नरसिंहपुर

श्रीधाम -श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्री रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ मनोज विश्वकर्मा द्वारा ड्रोन 4 मिनी प्रो कैमरा खरीदी पर पूजन अर्चन किया गया संकट मोचन जी को गुड़ की जलेबी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय से एवं 313 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें धर्मेंद्र चौबे सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर मुकेश सोनी राजेश चौकसे पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुई इस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे कन्छेदी पटेल मनोज नामदेव दीपक सोनी पटेल मुकेश ठाकुर नीरज नेमा दीपक सोनी मनीष साहू मुकेश चढार निहाल अग्रवाल विनोद साहू अमरनाथ विश्वकर्मा बसंत दुबे गिरजाशंकर गुप्ता मुकेश गुप्ता कमलेश चौहान जतिन ठाकुर विक्रम ठाकुर प्रियांश रामनारायण पटेल स्वदेश मंयक हरि दस्यू शिवम अमित ललित संगम जयंत सौम्ये पगारे बन्दू जैन दुगेश आयांश अभिषेक सोनी नारायण सोनी शिवम बसंत दुबे अमरनाथ विश्वकर्मा बटुक सेवक अक्षत सराठे अनुज ठाकुर पार्थ विश्वकर्मा अरुण हरिओम नीरज मातृशक्ति से स्नेहलता श्रीवास्तव मंजुला गुप्ता चांदनी विश्वकर्मा गीता पचौरी निशा पचौरी संगीता चौबे शेली ददरिया भारती पटेल श्रीमती पुष्पा गुप्ता प्रीति पचौरी लीलावती पटेल एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थित रही1

# बाल क्रीड़ाओं के दौरान आदिनाथ ने सिखाया जीवन का मूलमंत्र

### *धूमधाम से मनाया गया जन्मकल्याणक महोत्सव





**तेंदूखेड़ा** मुनिसुब्रतनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के चौथे दिवस जन्म कल्याणक महामहोत्सव के दौरान आदिनाथ जी का जन्मोत्सव धूमधाम मनाया गया।महाराजा नाभिराय द्वारा बधाईयां दी गई।सौधर्म इंद्र द्वारा अयोध्या नगरी की प्रदक्षिणाएं इंद्राणी द्वारा आदिनाथ को प्रसूति गृह में लाया गया तथा इंद्र को सौंपा गया।ऐरावत हाथी पर बिठाकर सुमेरु पर्वत ले जाकर पांडुशिला पर अभिषेक किया गया।शची द्वारा बालक का श्रंगार किया गया तथा इंद्र द्वारा तीर्थंकर बालक को माता जी को सौंपा गया।सौ सौ धर्म इंद्र द्वारा ताण्डव नृत्य किया गया।बाल क्रीड़ाओं के दौरान खेल खेल में रेल के डिब्बे रस्साकसी और आंखों पर पट्टी बांध कर एक दूसरे को पकड़ना जैसे खेलों के माध्यम से आदिनाथ जी ने संदेश दिया कि प्राणी मात्र को खींचातानी से दूर रहते हुए मायारुपी पट्टी बांध कर अपने जीवन को भटकाव की ओर जाने से बचना चाहिए।हम दिखाबे के जीवन से दूर रहने से बचना चाहिए और वास्तविकता की जिंदगी से बचना चाहिए। जिस तरह से इंजन यदि पटरी से बाहर हो जाता है तो सारे इंजन भी पटरी से उतर जाते हैं।

***झूला झुलाने वालों की लगी होड़*** जन्मकल्याणक के उपरांत रात्रि के समय दलपतपुर महिला मंडल द्वारा एक नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्गों के श्रद्धालु जन उपस्थित हो रहे हैं। भगवान आदिनाथ जी का पालना झुलाने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। जैन समाज में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।दूर दूर से श्रद्धालु दर्शन लाभ लेने आ रहे हैं।

***गुरुकुल शिक्षा की जरूरत*** आइंस्टीन और न्यूटन के सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि विशुद्ध सागर जी महाराज ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिवेश को देखते हुए हमें गुरू कुल जैसी शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है। वर्तमान पीढ़ी शिक्षित तो हो रही है लेकिन उनमें संस्कारों का बीजारोपण नहीं हो पा रहा है।इस मौके पर उपस्थित प्रदेश के शिक्षा



मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने मुनि श्री को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस विषय को गंभीरता से लिया जायेगा और आने वाले पर्यूषण पर्व के दौरान जो त्रिमासिक परीक्षाओं की तिथियां पड़ती है उनका ध्यान रखा जायेगा।

***आहार कराने वालों में लगी*** पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान तेंदूखेड़ा में जहां धार्मिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक वातावरण बना हुआ है वहीं 26 मुनि संघ का दर्शन लाभ और प्रवचनों के माध्यम से अमृत ज्ञान मिल रहा है। वहीं मुनियों को आहार को लेकर दिगम्बर जैन समाज ने विशेष होड़ देखने मिल रही है बाहर दूसरे शहरों नगरों से आये रिश्तेदारों द्वारा चौका में शामिल होकर मुनियों को आहार कराने की होड़ लगी हुई है।